बिहार सरकार,
कला एवं संस्कृति विभाग

**कार्यालय आदेश**

पटना, दिनांक ................./2026

संख्या–1/विविध.1–43/2024.......15....../मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–83, दिनांक–09.01.2026 के आलोक में बिहार सरकार के सात निश्चय–3 में सातवें निश्चय ''सबका सम्मान–जीवन आसान'' (Ease of Living) के तहत कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना में सप्ताह के दो कार्यदिवसों (सोमवार एवं शुक्रवार) को आमलोगों की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया जाना है। उक्त दो कार्यदिवसों में आगन्तुकों का मिलने का समय/स्थान निम्नवत निर्धारित किया जाता है:–

| दिन | समय | स्थान |
|---|---|---|
| सोमवार | 03:00 – 05:00 | सचिव का कार्यालय कक्ष |
| शुक्रवार | 11:00 – 01:00 | |

2. निर्धारित दोनों कार्यदिवसों में सचिव आमलोगों से अपने कार्यालय कक्ष में मिलेंगे। यदि सचिव किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर श्रीमती रूबी, अपर सचिव आम लोगों से मिलेंगी। यदि अपर सचिव भी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर श्री महमूद आलम, संयुक्त सचिव आमलोगों से मिलेंगे।

3. आगन्तुकों/शिकायतकर्ताओं के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि सुविधाएँ लेखा एवं बजट शाखा द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

4. आगन्तुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण एवं शिकायतों के सतत अनुश्रवण की व्यवस्था स्थापना शाखा द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

5. आमलोगों से मिलने का कार्यक्रम दिनांक 19.01.2026 (सोमवार) से लागू होगा।

ह0/–
(रूबी)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक......................../ पटना, दिनांक................../2026

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव/सभी निदेशक/सभी पदाधिकारी/कर्मी कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक........76......../ पटना, दिनांक.....16/01/2026

प्रतिलिपिः– आई.टी. मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/1/26

सरकार के अपर सचिव।

EST.2025 (1675)